NEWS18 हिंदी

# पुलिस की कार्रवाई: 31 लाख रुपये के नकली नोटों के साथ 5 गिरफ्तार

Bhojpur News in Hindi      होम » बिहार



जब्त नकली नोट

## भोजपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपराधियों को 31 लाख रूपये के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है. इनके पास से नकली नोट छापने वाला प्रिंटर, कागज के साथ कई अन्य उपकरण भी मिले हैं. मामले की जानकारी आईजी ने प्रेस वार्ता के जरिए दी.

- NEWS18 MADHYA PRADESH
- **LAST UPDATED:** OCTOBER 10, 2018, 9:21 AM IST
- Manish

भोपाल में नकली नोटों का कारोबार करने वाले एक बड़े गैंग का खुलासा हुआ है. भोजपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपराधियों को 31 लाख रुपये के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है. इनके पास से नकली नोट छापने वाला प्रिंटर, कागज के साथ कई अन्य उपकरण भी मिले हैं. मामले की जानकारी आईजी ने प्रेस वार्ता के जरिए दी.

पुलिस को सूचना मिली थी कि भोजपुर से कुछ लोग नकली नोटों की खेप लेकर निकल रहे है. जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी नकली नोटों की खेप के साथ अल्टो कार में जा रहे थे. पुलिस ने आरोपी सुशील विश्वकर्मा, नासिर खान और रामबाबू मीणा को गिरफ्तार कर लिया.

मामले की भनक लगते ही एस डीओपी निशारेड्डी ने एक टीम बनाकर जानकारी इकठ्ठा की जिसमें पता चला कि बाबई ओर कुरावर के पास एक गांव में रईस और संतोष नाम के दो व्यक्ति पिछले एक साल से नकली नोट छापने का काम कर रहे हैं. पुलिस ने दबिश देते हुए दोनों को गिरिफ्तर कर लिया.

आईजी जयदीप सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि कुरावर, नरसिहंगड़ के कुछ लोगों ने करीब एक साल पहले नकली नोट बनाने का काम शुरु किया था. अभी तक लगभग 40 लाख रुपये बाजार में खपा चूके हैं. आरोपियों को 3 करोड़ रूपये के नोट बनाने का ठेका भोपाल से मिला था. खबर मिलते ही भोजपुर थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को प्रिंटर, कागज, हथियार के साथ गिरिफ्तार किया है. इनके पास से 31 लाख 12 जहर के नकली नोट भी जब्त किया गया है.

Source: https://hindi.news18.com/news/bihar/bhojpur-5-arrested-with-fake-notes-of-rs-31-lakhs-1542638.html